जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन


देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 अंक-24 जयपुर, सोमवार, 22 जून, 2026 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4



### राजस्थानी फ़िल्म सेमिनार- 4

# राजस्थानी सिनेमा के उत्थान के लिए एकजुट हुए निर्माता-निर्देशक, भविष्य की रणनीति पर किया मंथन




**जयपुर (हमारा वतन)**

राजस्थानी सिनेमा को पुनर्जीवित करने और उसे नई दिशा देने के उद्देश्य से राजस्थानी फिल्म सेमिनार के चौथे संस्करण का आयोजन आज जयपुर स्थित होटल आँगन में किया गया। इस सेमिनार में प्रदेश के प्रमुख निर्माता और निर्देशकों ने भाग लिया। राजस्थानी सिनेमा के गिरते स्तर पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इसे पुनः गौरवशाली बनाने की कार्ययोजना तैयार की।

**सेमिनार के मुख्य बिंदु और रणनीतिः** पिछले 50 वर्षों से राजस्थानी सिनेमा की गिरती साख एक गंभीर विषय बनी हुई है। इस चुनौतीपूर्ण स्थिति से बाहर निकलने के लिए उपस्थित फिल्मकारों ने सर्वसम्मति से निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया।

**व्यावसायिक सफलताः** राजस्थानी फिल्मों को केवल कलात्मक ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक रूप से भी सफल बनाने के लिए चर्चा की। ऑडिएंस बैंक की मुहिम पर सभी निर्माता-निर्देशकों ने अपनी सहमति जताई। राजस्थानी फिल्मों के लिए मिलकर एक मजबूत दर्शक आधार तैयार करना ताकि सिनेमाघरों में दर्शकों की उपस्थिति बढ़ सके।

**ग्रुप रिलीज़ की रणनीतिः** राजस्थानी सिनेमा को मजबूती प्रदान करने के लिए ग्रुप रिलीज़ का मॉडल अपनाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत, सभी निर्माता-निर्देशक आपसी सहयोग से अपनी कई फिल्मों को एक साथ रिलीज़ करेंगे।

यह पहल एक-दूसरे का सहारा बनने और सामूहिक शक्ति के साथ बाजार में अपनी पहचान बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। आयोजन की अगुवाई कर रहे निर्देशक लखविंदर सिंह ने कहा कि सरकार की लाख कोशिशों के बाद भी राजस्थानी सिनेमा को वो गति नहीं मिल पा रही है जो होनी चाहिए। राजस्थानी सिनेमा को संवारने के लिए अब बिखराव को छोड़कर सभी निर्माता-निर्देशक का एकजुट होना अनिवार्य है। सेमिनार में हिस्सा लेने वाले सभी फिल्मकारों ने इस बात पर जोर दिया कि वे आने वाले समय में एक व्यवस्थित रणनीति के तहत काम करेंगे ताकि राजस्थानी भाषा और संस्कृति को बड़े पर्दे पर एक गरिमापूर्ण स्थान मिल सके। इस सेमिनार में राजस्थान प्रदेश से पधारे निर्माता नंद किशोर मित्तल, निर्माता लकी कपूर, सह निर्माता मुकेश भारद्वाज,डिस्ट्रिब्यूटर सारा , निर्देशक मोहसिन ख़ान,निर्मात्री रेखा परिहार, निर्माता-निर्देशक भूपेंद्र राणा, निर्देशक दिव्यांक शर्मा,निर्मात्री टीना शर्मा, निर्माता संजय मलिक, निर्माता शाहिद क़ुरैशी, निर्देशक उग्रसेन तंवर,निर्माता गणेश शाहू, निर्माता-निर्देशक माजिद ख़ान, निर्देशक राहत क़ुरैशी, निर्देशक अंकित भारद्वाज, निर्माता चाँद ख़ान, निर्माता-निर्देशक मंज़ूर अली,निर्माता मुरारी लाल महर्षि, आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने ऑडियंस बैंक की रणनीति पर विचार विमर्श किया । राजस्थानी सिनेमा के संग्रह पर कई वर्षों से अध्ययन कर रहे एमडी सोनी ने 17 जुलाई 2026 को राजस्थानी सिनेमा दिवस आयोजित करने पर चर्चा की। राजस्थानी सिनेमा के भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सभी प्रतिभागियों का मानना है कि यदि सही दिशा में प्रयास किए जाएं, तो राजस्थानी सिनेमा पुनः अपनी खोई हुई गरिमा प्राप्त कर सकता है।



## योग महोत्सव में हुआ सेना के पूर्व नायक उदयवीर सिंह यादव का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)** 12 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में सेना के पूर्व नायक उदयवीर सिंह यादव को राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ द्वारा सम्मानित किया गया।

योग और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने वाले मंच पर सेना के अनुशासन और समाज सेवा का सम्मान होना खास बात है। योग महोत्सव सम्मान - कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ द्वारा मिलना एक उपलब्धि है। सेवा, समरसता, मानवता और अब योग - हर क्षेत्र में उदयवीर सिंह यादव की पहचान बन रही है।

## परिवीक्षाकाल के दौरान राज्य कर्मचारियों को मिलेगा राज्य बीमा कवर

जयपुर(नि.सं.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार निदेशालय, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा परिवीक्षाकालीन राज्य कर्मचारियों को भी राज्य बीमा का कवर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। राजस्थान सरकारी कर्मचारी बीमा नियम, 1998 के नियम 8 के उपनियम 2 के तहत अब परिवीक्षाकालीन कर्मचारियों को उनकी नियुक्ति के बाद आने वाले प्रथम मार्च माह से राज्य बीमा योजना के दायरे में शामिल किया जाएगा।

# वास्तु के अनुसार सफलता पाने के लिए शनिवार को क्या करना चाहिए?

शनि कृपा पाने के लिए शनिवार का दिन अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि शनि कृपा होने पर व्यक्ति फर्श से अर्श तक पहुंच जाता है। जानें सफलता पाने के लिए वास्तु अनुसार शनिवार को क्या करना चाहिए।ज्योतिष और वास्तु के अनुसार, शनिवार का दिन शनिदेव को अतिप्रिय है।



इस दिन न्याय देवता शनिदेव की विधि-विधान से पूजा की जाती है और उनकी कृपा पाने के लिए व्रत रखा जाता है। शास्त्रों में वर्णित है कि शनिदेव की शरण में रहने वाले जातक सभी सुखों को भोगकर अंत में मोक्ष प्राप्त करते हैं। शनि को मोक्ष प्रदाता भी कहा जाता है। कहा जाता है कि यह वरदान शनिदेव को भगवान शिव ने प्रदान किया था। ज्योतिष में शनि के अशुभ प्रभाव को कम करने के लिए शनिवार के दिन भगवान शिव और शनिदेव की आराधना करने की सलाह दी जाती है। मान्यता है कि शनिवार को कुछ कार्यों या उपायों को करके शनि कृपा प्राप्त की जा सकती है। शनि कृपा होने से व्यक्ति के जीवन की सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं और कार्यों और करियर में सफलता प्राप्त होती है। आइए जानते हैं शनिवार को किन उपायों को करने से शनि का अशुभ प्रभाव कम होता है और वह व्यक्ति को कम परेशान करते हैं।

**वास्तु अनुसार सफलता पाने के लिए शनिवार को क्या करना चाहिए-**

1. वास्तु के अनुसार, शनिवार को पक्षियों के चुगने के लिए उड़द की दाल या सतनाजा डालना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने शनि ग्रह की स्थिति कुंडली में मजबूत होती है और जातक को सफलता मिलती है।

2. शनिवार की शाम पितरों के नाम का दीया जलाना अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से पितर प्रसन्न होते हैं और सुख-समृद्धि और सफलता का आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

3. शनिवार को अपने घर या स्थान के जाले जरूर साफ करने चाहिए। कहा जाता है कि ऐसा करने से व्यक्ति के रास्ते की बाधा हटती है।


सभी खादी संस्थाओं से निवेदन है कि अपनी गतिविधियों की जानकारी प्रकाशित करवाने के लिए हमें जरूर भेजें !
Email-hamarawatan65@gmail.com, whatsapp-9214996258.
Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion


# मीरा चैरिटेबल ट्रस्ट हिन्दी दिवस पर आयोजित करेगा विशेष सम्मान समारोह

**जयपुर (हमारा वतन)** सीखने की कोई उम्र नहीं होती ! इस प्रेरक विचार को चरितार्थ करने तथा वरिष्ठ नागरिकों में संगीत एवं नृत्य साधना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सम्मान समारोह का आयोजन मीरा हॉस्पिटल, मीरा डेन्टल हॉस्पिटल, शिव मार्ग, बनीपार्क, जयपुर के सौजन्य से मीरा चैरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर के तत्वावधान में हिन्दी दिवस, 14 सितम्बर 2026 को एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के उन नवोदित एवं उदयीमान वरिष्ठ नागरिक कलाकारों को सम्मान पत्र/प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे, जो संगीत के किसी भी आयाम गायन, वादन अथवा नृत्य में सक्रिय रूप से अध्ययन, अभ्यास



अथवा प्रस्तुति कर रहे हैं। इस समारोह का उद्देश्य उन वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना है, जो 60 वर्ष या उससे अधिक आयु में भी संगीत एवं नृत्य की साधना में निरंतर सक्रिय हैं तथा अपनी कला के माध्यम से समाज और संस्कृति की अमूल्य सेवा कर रहे हैं। ऐसे कलाकार नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा-स्रोत हैं और यह समारोह उनके समर्पण, साधना एवं योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक विनम्र प्रयास है। भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित, नैतिक शिक्षाविद, आध्यात्मिक चिंतक, प्रेरक एवं मार्गदर्शक आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव प्रदान करें तथा ऐसे योग्य वरिष्ठ कलाकारों की जानकारी उपलब्ध कराएँ, जिससे उनकी साधना और समर्पण को समाज के समक्ष सम्मानपूर्वक प्रस्तुत किया जा सके। यदि आपके परिचय में ऐसे वरिष्ठ नागरिक कलाकार हों, तो कृपया उनका संक्षिप्त परिचय (बायोडाटा), आयु, कला क्षेत्र तथा संपर्क विवरण व्हाट्सएप 9314877066 पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

## महाराणा प्रताप (कविता)

मेवाड़-मुकुट के रत्न अमर, प्रताप हमारी शान हैं।
आन-बान के अमिट प्रतीक, भारत का सम्मान हैं।

अरावली की ऊँची चोटी, जिनका यशगान सुनाती है।
वीर प्रताप की गौरव-गाथा, जन-जन को हर्षाती है।
मातृभूमि की रक्षा खातिर, जीवन जिन्होंने वार दिया।
स्वाभिमान की खातिर अपना, सुख-वैभव सब त्याग दिया।
मेवाड़-मुकुट के रत्न अमर, प्रताप हमारी शान हैं।
आन-बान के अमिट प्रतीक, भारत का सम्मान हैं।

हल्दीघाटी के रण में जब, वीरता का शंख बजा।
राणा के रणकौशल से ही, शत्रु-दल का साहस डिगा।
चेतक जैसा अश्व अनोखा, स्वामी भक्ति की मिसाल था।
अपने राणा की रक्षा में, जिसने जीवन ढाल दिया।
मेवाड़-मुकुट के रत्न अमर, प्रताप हमारी शान हैं।
आन-बान के अमिट प्रतीक, भारत का सम्मान हैं।

घास-रोटी खाकर भी जो, राष्ट्रधर्म पर अडिग रहे।
आँधी, तूफ़ाँ, संकट आए, फिर भी साहस सहित रहे।
त्याग, तपस्या, सत्य, शौर्य की, जग में अमिट पहचान हैं।
युग-युग तक प्रेरणा देंगे, प्रताप हमारे प्राण हैं।
मेवाड़-मुकुट के रत्न अमर, प्रताप हमारी शान हैं।
आन-बान के अमिट प्रतीक, भारत का सम्मान हैं।



**महेन्द्र सिंह कटारिया**
विजेता, नीमकाथाना, राजस्थान

## जॉब्स

1. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद असिस्टेंट प्रोडक्शन ऑफीसर, पद संख्या 370, अंतिम तिथि 7 जुलाई 2026
2. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद आरएएस, पद संख्या 607, अंतिम तिथि 3 जुलाई 2026
3. सीआईएसएफ, पद एएसआई पैरामेडिकल स्टाफ, पद संख्या 24, अंतिम तिथि 7 जुलाई 2026
4. मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, पद असिस्टेंट प्रोफेसर, पद संख्या 148, अंतिम तिथि 26 जून 2026
5. भारतीय संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल, पद जूनियर टेलीकॉम ऑफिसर, पद संख्या 100, अंतिम तिथि 3 जुलाई 2026
6. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद प्रोबेशनरी ऑफिसर, पद संख्या 1500, अंतिम तिथि 8 जुलाई 2026
7. डीएसएसएसबी, पद विभिन्न पोस्ट, पद संख्या 1979, अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026
8. नेशनल बोर्ड का एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज, पद स्टेनोग्राफर, जूनियर असिस्टेंट व अन्य, पद संख्या 53, अंतिम तिथि 20 जुलाई 2026

# श्री मां वैष्णो देवी मन्दिर के चतुर्थ पाटोत्सव को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा



**जयपुर (हमारा वतन)** श्री मां वैष्णो देवी सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित चतुर्थ वार्षिक पाटोत्सव एवं हनुमत कथा महोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा प्राचीन हनुमान मंदिर रावण गेट सर्किल चौमूं से रवाना होकर मुख्य मार्गो से होती हुई मां वैष्णो मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। जगह-जगह कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा एवं शीतल पेय पिलाकर भक्तों ने भव्य स्वागत किया । यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं समाज सेवियों द्वारा पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया। कलश यात्रा में पूरा शहर जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयघोषों से गुंजायमान रहा।

कार्यक्रम संयोजक कैलाश भगत ने बताया कि महोत्सव में संत श्री श्री 108 भगवान पुरी महाराज, ढोढसर धाम से भगवान महाराज, चौमूं क्षेत्र के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा सहित व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कलश यात्रा में आकर्षक धार्मिक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं तथा पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा। कैलाश भगत ने आगे बताया कि सामोद रोड, विकास नगर में मां वैष्णो मंदिर परिसर में आयोजित होने वाली हनुमत कथा का वाचन डॉ. पवन कुमार तिवाडी द्वारा किया गया । कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को हनुमानजी के जीवन चरित्र, आदर्शों एवं भक्ति का महत्व बताया जाएगा। श्री मां वैष्णो देवी सेवा समिति के समस्त भक्तगण एवं कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर रमेश सिंगोदिया, भुवनेश तिवाड़ी, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन कुमार सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल सैनी, संतोष सैनी (संतोष डीजल्स), एडवोकेट कुमार गौरव सैनी, अभिषेक सैनी, भंवर लक्कड़,सत्य प्रकाश पारीक सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र अवसंरचना पहल हेतु सीएसआर भागीदारी कार्यशाला का हुआ आयोजन

# स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र स्वस्थ सशक्त राजस्थान की नींव: दिया कुमारी


जयपुर(नि.सं.)। उप मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में तथा महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार के विशिष्ट आतिथ्य में शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र अवसंरचना पहल हेतु सीएसआर भागीदारी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के अंतर्गत CSR सहयोग जुटाना है। कार्यशाला में राजस्थान में आंगनबाड़ी केंद्र पर प्रदान की जा रही सेवाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं में सुधार करने हेतु कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के फंड का उपयोग कर नवीन तकनीक युक्त LGSF (लाइट गेज स्टील फ्रेम) प्री-फैब्रिकेटेड स्ट्रक्चर्स तथा कंटेनर आंगनबाड़ी के संचालन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही जानकारी दी गई कि भारत सरकार द्वारा पंखुड़ी पोर्टल 8 जनवरी 2026 को लॉन्च किया गया है। यह एक एकीकृत डिजिटल मंच है, जो पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा हेतु पारदर्शी, गैर-नकद CSR योगदान सक्षम बनता है। कार्यशाला में WCD विभाग, ICDS के वरिष्ठ अधिकारी, A&is Bank, Shree Cement, Vedanta, Wonder Group, Adani Group, Tata Steel, NPCIL, SBI, ICICI Bank, Union Bank of India, Canara Bank, Hindustan Zinc, Hindustan Petroleum, Dell सहित प्रमुख कॉरपोरेट हाउस के प्रतिनिधि, पीएसयू, एनजीओ, तकनीकी विशेषज्ञ और जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें अनुभव साझा करने, केस स्टडी और प्रभावी सीएसआर कार्यान्वयन हेतु ओपन हाउस चर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर विभिन्न कॉरपोरेट हाउसेज के प्रतिनिधियों ने उनकी कंपनी/संस्थान की ओर से दिए जा रहे सीएसआर योगदान तथा किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के विजन अनुसार गरीब और कमजोर परिवार के बच्चों का भी सशक्तिकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।सशक्त मानव संसाधन से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा, इस हेतु हमें आंगनबाड़ियों को आधुनिक बनाना होगा, जिसमें सीएसआर फण्ड की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

उन्होंने कहा कि प्री-फैब्रिकेटेड स्ट्रक्चर्स तथा कंटेनर आंगनबाड़ी की नवीन तकनीक का उपयोग कर कुछ सप्ताह में ही आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य किया जा सकता है।



# पाँच दिवसीय एफडीपी का यूईएम जयपुर द्वारा सफल आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर ने 15 से 19 जून 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से उच्च शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों के लिए समकालीन शैक्षणिक पद्धतियाँः मानव-केंद्रित एवं परिणामोन्मुख शिक्षण विषय पर पाँच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से लगभग 100 शिक्षकों एवं शिक्षाविदों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।एफडीपी में शिक्षार्थी सहभागिता, आउटकम-बेस्ड एजुकेशन, छात्र-केंद्रित शिक्षण, प्रॉब्लम-बेस्ड लर्निंग, केस स्टडी पद्धति तथा शिक्षकों के लिए न्यूरो-लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग जैसे समकालीन विषयों पर चर्चा की गई। विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से आए विशेषज्ञों ने उच्च शिक्षा के बदलते परिदृश्य तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप व्यावहारिक रणनीतियों एवं नवाचारी शैक्षणिक दृष्टिकोणों को साझा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईईएम-यूईएम समूह के निदेशक प्रो. (डॉ.) सत्यजीत चक्रवर्ती के अध्यक्षीय उद्बोधन से हुआ। वहीं यूईएम जयपुर के कुलपति प्रो. (डॉ.) बिस्वजॉय चटर्जी ने प्रतिभागियों को नवाचारी एवं शिक्षार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। यूईएम जयपुर के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों तथा उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। एफडीपी का समापन यूईएम जयपुर के एसोसिएट डीन (एकेडमिक्स एवं फॉरेन रिलेशंस) डॉ. मुकेश यादव ने प्रस्तुत किया। एफडीपी का सफल समन्वय एवं संचालन आयोजन समिति के समर्पित सदस्यों डॉ. स्नेहलता ढाका, प्रो. दिप्ता मुखर्जी, डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा, प्रो. शिवानी सैनी, प्रो. संचारी बसाक, प्रो. रजनी तथा प्रो. नबनीता साहा के अथक प्रयासों से संपन्न हुआ।



टिकिट

**हमारा वतन**
**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पे भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

## सम्पादकीय.....

# दिनों बाद राहत की सांस ले रही दुनिया


राम गोपाल सैनी

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपनी 'पार्लियामेंट' में घोषणा की थी कि ईरान और अमेरिका जेनेवा में पाकिस्तानी मेजबानी में सहमति-पत्र पर दस्तखत करेंगे, मगर एक नाटकीय अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांस में यूरोपीय नेताओं की मौजूदगी में इस सहमति-पत्र पर बीते बुधवार को हस्ताक्षर कर दिया। उधर तेहरान में इस सहमति-पत्र के फारसी तर्जुमे पर ईरानी सदर मसूद पेजेशकियान ने दस्तखत किए। जैसे ही ये हस्ताक्षर हुए, दुनिया ने राहत की सांस ली, क्योंकि ईरान युद्ध के कारण विश्व भर में जो ऊर्जा संकट पैदा हुआ था, वह अब आहिस्ता-आहिस्ता दूर हो सकेगा और सामान्य स्थिति बहाल हो सकेगी। हां! यह जरूर है कि इस सहमति-पत्र को 60 दिनों के अंदर एक समझौते में ढलना होगा, जिसके लिए दोनों देशों में संभवतः 19 जून से बातचीत शुरू होगी।अमेरिका के लिए इस बातचीत का मकसद यह है कि उसे तेहरान की तरफ से पूर्ण गारंटी मिले कि ईरान अपने वादे के मुताबिक न परमाणु हथियार बनाएगा और न ही किसी अन्य सूत्र से हासिल करेगा। इसके साथ-साथ वह यह भी चाहेगा कि ईरान अपने परमाणु संवर्द्धन पर रोक लगाए। हालांकि, ईरान परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हस्ताक्षर करने वाले देशों में शामिल है और इसके तहत उसे यह हक हासिल है कि नागरिक उद्देश्य के लिए वह परमाणु संवर्द्धन कर सकता है। अब जो दोनों देशों में बातचीत होगी, वह बहुत जटिल होगी और इसमें रुकावटें भी सामने आ सकती हैं। मुमकिन है, अगले 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौता न हो सके, लेकिन न ईरान और न ही अमेरिका फिर से युद्ध छेड़ना चाहेंगे। स्पष्ट है, यह सहमति-पत्र इजरायल और खास तौर से उसके प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए विष के प्याले से कम नहीं है, जो उन्हें पीना पड़ा है। ऐसे में, अब नेतन्याहू की यही कोशिश होगी कि अमेरिका और ईरान की अंतिम संधि में जितनी रुकावटें वह डाल सकते हैं, डालें।बहरहाल, बुधवार को हस्ताक्षरित सहमति-पत्र से यह साफ जाहिर है कि ईरान ने, जिसने इस जंग में भीषण तबाही झेली है, एक मुख्य लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। इस्लामी क्रांति के बाद अमेरिका का हमेशा से यही लक्ष्य रहा है कि तेहरान में सत्ता परिवर्तन ही नहीं किया जाए, बल्कि ईरानी सिस्टम को, जिसे विलायते-फकीह कहते हैं, समाप्त कर दिया जाए। पाठकों को याद होगा कि अमेरिका और कुछ पश्चिमी देशों ने विलायते-फकीह के विरोधियों को पूरा-पूरा प्रोत्साहन दिया, चाहे ये विरोधी ईरान के भीतर रहते हों या उसके बाहर, उन्हें पश्चिम द्वारा हर तरह की मदद मुहैया कराई गई। इस साल की जनवरी में आर्थिक तंगी की वजह से ईरानी जनता बेहद पीड़ित थी और रोष में वह सड़कों पर उतर आई थी। तब अमेरिकी राष्ट्रपति ने उसके नाम यह पैगाम तक दे दिया था कि धैर्य रखें, हम आपकी सहायता के लिए आ रहे हैं। इसका तात्पर्य साफ था कि वह विलायते-फकीह सिस्टम को समाप्त करके एक नया सिस्टम ईरान में गठित करना चाहते हैं। कुछ हद तक खाड़ी के देश भी, जिनमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सबसे प्रमुख है, यही चाहते थे। कुछ जानकारों का मानना है कि नेतन्याहू ने राष्ट्रपति ट्रंप को इस बात के लिए कायल किया था कि यदि युद्ध के पहले दिन ईरान के शीर्ष नेतृत्व का सफाया कर दिया जाए, तो विलायते-फकीह सिस्टम ध्वस्त हो जाएगा।

# मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा हुआ सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन



**जयपुर (हमारा वतन)** पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन राजस्थान का आठ सूत्रीय मांगों को लेकर स्वाभिमान बचाओ आंदोलन लगातार 19वें दिन भी जारी रहा। सभी जिला मुख्यालयों पर सरकार की सद्बुद्धि हेतु सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। जिला परिषद जयपुर में प्रदेश महामंत्री एवं जयपुर जिला अध्यक्ष के द्वारा प्रदेश स्तरीय सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन करवाया गया । जिसमें सभी जिल परिषद के सभी मंत्रालयिक साथीयों ने भाग लिया । प्रदेश अध्यक्ष अशोक निठारवाल ने बताया कि हमारे द्वारा वी बी जी राम जी योजना एवं ग्रामीण सेवा शिविरों का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया जा रहा है । प्रदेश संयोजक विनोद पाठक ने बताया कि सरकार द्वारा मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदेश समन्वयक घनश्याम कड़वासरा ने बताया कि 6 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव और 7 जुलाई को 251 व्यक्तियों द्वारा सामूहिक जल समाधि जल महल जयपुर में ली जाएगी। उस के बाद ही सरकार की आंखे खुलेंगी । इस अवसर पर राम किशोर मीणा, संजय सिंह, जयप्रकाश, सुरेश बैरवा, मुकेश, मनोज, कल्पेंद्र, घनश्याम शर्मा, महावीर, सोना, सीमा, मंजू शर्मा, सुमन, सुनीता, अनीता, छवि, सविता, मीनू, कुणाल, रजत, रामकेश, निखिल सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के जन्मदिन पर गौशाला के लिए भेजी चारे की पिकअप



**चौमूं (हमारा वतन)** एनएच 52 स्थित शिव चारा डिपो पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा द्वारा गौ सेवा सप्ताह अभियान के तहत धानोता स्थित पूर्णिमा गोशाला में गायों के लिए चारे से भरी पिकअप गाड़ी को रवानगी दी गई। गौरतलब है कि आगामी 20 जून को पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का जन्मदिन है जिसे बेजुबान जीवों के लिए समर्पित होकर गौ सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जितेन्द्रसिंह शेखावत, पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल, गौरक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत, सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष वैद्य रघु शर्मा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधी सीताराम राजोरिया, धोबलाई सरपंच रमेश शर्मा, उमेश कुमावत द्वारा पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा को साफा बंधवाकर तलवार भेंट की। पूर्व विधायक ने कहा की बेजुबान गौवंश की भूख प्यास को मिटाना हम सभी की जिम्मेदारी है, सभी को प्रेरित होकर अपने-अपने सामर्थ्य अनुसार दान-पुण्य करना चाहिए। इस दौरान गोविंदगढ थानाधिकारी विनोद सांखला, दीपक बोहरा, बंसत धीजपुरिया, फूलचंद भूरोदिया, रामावतार राजोरिया, मोहनलाल मारवाल, भगवान सहाय यादव, तुलसीराम डेनवाल, अमित यादव, सुनिल नायक, देवीलाल कुमावत, विजय कुमावत, अमरीश जांगिड, जगदीश धीजपुरिया सहित मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जन्मदिवस की शुभकामना दी ।






# मुख्यमंत्री ने विश्व योगासन चैम्पियनशिप के पदक विजेताओं के साथ योगाभ्यास किया

जयपुर(नि.सं.)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर विश्व योगासन चैम्पियनशिप के पदक विजेताओं के साथ योगाभ्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग करना बेहद जरूरी है, इसलिए आमजन इसे अपनी जीवनशैली में जरूर अपनाएं। उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद में आयोजित हुई प्रथम विश्व योगासन चैम्पियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर भारत का विश्व पटल पर गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने इन पदक विजेता खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई भी की। राजस्थान के इन खिलाड़ियों ने चैम्पियनशिप में देश के लिए कुल 10 पदक जीते, जिनमें 9 स्वर्ण पदक एवं 1 रजत पदक शामिल है।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।